# University in News on 23 January 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# आसमान में एक साथ दिखेंगे छह ग्रह, सितारे करेंगे परेड

आयुष तिवारी

लखनऊ। अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए 25 जनवरी का दिन खास होने वाला है। इस दिन सूर्यास्त के बाद आसमान में एक साथ एक दिशा में छह ग्रहों की उपस्थिति रहेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को टेलीस्कोप से यह घटना दिखाई जाएगी। इसका वैज्ञानिक कारण भी बताया जाएगा। वहीं, आम लोग अपने मोबाइल फोन पर एप के माध्यम से यह नजारा देख पाएंगे।

लविवि में गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग की शिक्षक डॉ. अलका मिश्रा ने बताया कि यह खगोलीय घटना है। इससे पहले वर्ष 2022 में ग्रहों और सितारों को आसमान में परेड करते देखा गया था। खगोल विज्ञान में ऐसा कम ही होता है, कई बार तो पांच से 10 वर्षों के बाद ऐसी घटना होती है। 25 जनवरी की रात लार्ज प्लेनेटरी एलाइनमेंट यानी बड़ी ग्रह पंक्ति बनेगी। इसमें छह ग्रह एक दिशा में एक साथ देखे जा सकेंगे।

सूर्यास्त के बाद आसमान में मंगल, बृहस्पति, शुक्र, शनि, अरुण और वरुण एक साथ दिखेंगे। इसमें शुक्र, बृहस्पति, शनि और मंगल को खुली आंखों से देखा जा सकेगा, जबकि यूरेनस और नेपच्यून को टेलीस्कोप से देख सकेंगे।

### गूगल स्काई मैप और स्टेलेरियम ऐप से ले सकेंगे खगोलीय घटना का आनंद

### लखनऊ विवि में विद्यार्थियों के लिए होगी विशेष व्यवस्था



### अमावस की रात दिखेगा तारों का समूह

- खगोल विज्ञानी डॉ. अलका मिश्रा ने बताया कि 29 जनवरी को अमावस्या है। इस रात तारों के समूह साफ नजर आएंगे, जिससे आकाश में अद्भुत आकृति उभरेगी। रात में आकाशगंगा के छह सबसे ज्यादा चमकदार तारे 'विंटर हेक्सागन' बनाएंगे। डॉ. अलका के मुताबिक, 'विंटर हेक्सागन' नाम अमूमन ध्रुवों या ठंडे पहाड़ों से साफ आसमान के दौरान दिखने के कारण पड़ा है। इस बार अगर आसमान साफ रहा तो इसे मैदानी क्षेत्रों से भी साफ देखा जा सकेगा।

### मोबाइल ऐप के जरिए देख सकेंगे परेड

डॉ. अलका ने बताया कि प्लेनेट परेड का मजा नग्न आंखों से देखने में है। मोबाइल फोन पर गूगल स्काई मैप और स्टेलेरियम ऐप पर भी इस खगोलीय घटना का आनंद लिया जा सकता है। उनके मुताबिक, शहर में प्रदूषण और धुंध के कारण कई ग्रह सही तरह से दिखाई नहीं देंगे। इसलिए मोबाइल पर यह आसानी से देखे जा सकेंगे।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : बीटेक सम सेमेस्टर की पढ़ाई एक से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बी.टेक सम सेमेस्टर की पढ़ाई एक फरवरी से शुरू हो जाएगी। संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि बी.टेक छठे और आठवें सेमेस्टर की कक्षाएं एक फरवरी और दूसरे व चौथे सेमेस्टर की पांच फरवरी से शुरू होंगी। विस्तृत समय सारिणी जल्द ही जारी की जाएगी। (जासं)

### दो और विषयों में पीएचडी की प्रोविजनल सूची जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने भूगोल और अंग्रेजी विषयों की पीएच.डी प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के बाद बुधवार को प्रोविजनल सूची जारी कर दी है। चयनित अभ्यर्थियों का सीट आवंटन और कटआफ विवरण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। (जासं)

### लविवि : दो और विषयों की कटऑफ जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में बुधवार को भूगर्भ विज्ञान और अंग्रेजी के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी कर दिया। सीटों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थी वेबसाइट पर सीट आवंटन व कटऑफ सूची देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को 26 जनवरी तक शुल्क जमा करने का मौका दिया गया है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलयू में पीएचडी के दो विषयों का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत दो विषयों का साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस पोर्टल गुरुवार को खुल जाएगा। जिससे वह अपनी फीस जमा कर सकेंगे। एलयू की वेबसाइट पर कंप्लीट मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। जिसमें सभी अभ्यर्थी श्रेणीवार अपनी रैंकिंग देख सकते हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन के गांधी सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल व राष्ट्रीय एकता विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राज्य के 34 विश्वविद्यालयों और संस्थानों में प्रतियोगिता के प्रथम चरण के प्रतिभागियों के बीच यह प्रतियोगिता राज्यपाल की उपस्थिति में आयोजित हुई। राज्यपाल के द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें समूह 6 से भाषण प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की विधि की छात्रा उर्वसी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा व सहायक अधिष्ठाता डॉ. आनन्द उपस्थित रहे।



राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर लखनऊ विश्वविद्यालय में पूजन करते कुलपति, शिक्षक और अन्य लोग। अमृत विचार

### प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर लविवि में हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने श्रीरामलला स्थापना और प्राणप्रतिष्ठा दिवस की पहली वर्षगांठ पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों ने संयुक्त रूप से मुख्य परिसर में महबूदाबाद छात्रावास में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। साथ ही कैलाश हॉल, निवेदिता हॉल, गोल्डन जुबली हाल, तिलक हॉल सहित गर्ल्स हॉस्टल ने भी अपने-अपने परिसर में सुंदरकांड पाठ किया। चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह महमूदाबाद हॉल के प्रोवोस्ट प्रोफेसर ओपी शुक्ला ने अपनी टीम के साथ इन कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह को सांस्कृतिकी के निदेशक प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक बोर्ड सांस्कृतिकी की पहल पर भव्य रूप से किया गया। कुलपति ने कहा कि ये समारोह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। छात्रों और कर्मचारियों की सामूहिक भावना का प्रमाण है।